f !supportEmptyParas]>

Title: Need for early reconstitution of Haj Committee.

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): महोदया, इस वर्ष की हज कमेटी का पुनर्गठन नहीं किया गया है और हज पर जाने की तारीख जल्दी आने वाली है। हज कमेटी को हाजियों की सूची बनानी पड़ती है, हज की जगह पर रहने का प्रबन्ध करना पड़ता है और उनको पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध करवानी पड़ती है। हज कमेटी के नहीं बनने से इन समस्याओं का समाधान कैसे होगा, खुदा ही जाने। पिछली दफा दो बार हादसे हो चुके हैं और सरकार इस काम में नाहक देरी किये जा रही है, जो खेदजनक है। इन सब के कारण हाजियों का खर्च भी बढ़ेगा, क्योंकि उनको रहने के स्थान महंगे मिलेंगे और कम वक्त में काम करने से कई सुरक्षात्मक प्रश्न भी खड़े होंगे।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सरकार शीघ्र हज कमेटी का पुनर्गठन करे, जिससे हाजी लोग आराम और सुविधाजनक ढंग से यात्रा कर सकें।